(B) इस योजना पर सालाना ₹ 600 करोड़ खर्च किए जायेंगे।
(C) इस योजना का लाभ मई 2021 से प्रारम्भ हो जाएगा।
(D) केन्द्र या राज्य सरकार के कर्मचारी व आयकर देने वाले इस योजना के तहत कृषि उपभोक्ता अनुदान के लिए पात्र नहीं होंगे।

नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए–

(a) केवल (A) और (B)
(b) केवल (A), (B) और (C)
(c) केवल (A), (B) और (D)
(d) केवल (A), (C) और (D)

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 15.09.2021

Ans. (d) : मुख्यमंत्री किसान मित्र ऊर्जा योजना के निम्नलिखित प्रावधान है–
1. मीटर्ड कृषि उपभोक्ताओं को राज्य सरकार बिजली के बिल पर अधिकतम ₹ 12,000 प्रति वर्ष अनुदान प्रदान करेगी।
2. इस योजना पर प्रतिवर्ष 1450 करोड़ रूपये का वित्तीय भार आयेगा।
3. इस योजना का लाभ मई 2021 से प्रारम्भ हो जाएगा।
4. केन्द्र या राज्य सरकार के कर्मचारी व आयकर देने वाले इस योजना के तहत कृषि उपभोक्ता अनुदान के लिए पात्र नहीं होंगे।
5. संबंधित उपभोक्ता के विरूद्ध विद्युत वितरण नियमों का बकाया नहीं होने पर ही अनुदान की राशि देय होगी।
6. पुरानी बकाया राशि का समायोजन नहीं किया जायेगा।

1731. राजस्थान के सांसद, भूपेन्द्र यादव को जुलाई, 2021 में केन्द्रीय मंत्रिमंडल में किन मंत्रालयों का प्रभारी बनाया गया है?

(A) कानून व न्याय
(B) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन
(C) श्रम और रोजगार
(D) पर्यटन

नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए–

(a) केवल (A) और (B) (b) केवल (B) और (C)
(c) केवल (C) और (D) (d) केवल (A) और (D)

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 15.09.2021

Ans. (b) : राजस्थान के राज्यसभा सांसद भूपेन्द्र यादव को जुलाई, 2021 में श्रम और रोजगार के लिए कैबिनेट मंत्री और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का प्रभारी बनाया गया है। राज्यसभा के लिए ये दूसरी बार चुने गये है पहली बार अप्रैल, 2012 में चुने गये थे।

1732. राजस्थान मुख्यमंत्री कोरोना बाल कल्याण योजना 2021 के सम्बन्ध में निम्न में से कौन सा विकल्प सही है?
जिन बच्चों के माता-पिता की कोरोना बीमारी से मृत्यु हो गई है उन्हें तत्काल सहायता प्रदान की जाएगी

(a) ₹ 1 लाख की (b) ₹ 1.5 लाख की
(c) ₹ 2 लाख की (d) ₹ 2.5 लाख की

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 15.09.2021
RPSC -SI- 14-09-2021

Ans. (a) : मुख्यमंत्री कोरोना बाल कल्याण योजना 2021 के अंतर्गत अनाथ बालक/बालिका की तत्काल सहायता हेतु 1 लाख रूपये का अनुदान प्रदान किया जायेगा, इसके अतिरिक्त निम्नवत सहायता भी दी जायेगी–
(1) 18 वर्ष तक प्रतिमाह 2500 रूपये की सहायता,
(2) 18 वर्ष पूर्ण होने पर 5 लाख रूपये की सहायता,
(3) 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा आवासीय विद्यालय अथवा छात्रावास के माध्यम से दी जायेगी,
(4) युवाओं को मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना के अंतर्गत बेरोजगारी भत्ता दिये जाने में प्राथमिकता दी जायेगी,
(5) कालेज छात्रों के लिए आवासीय सुविधाओं हेतु 'अम्बेडकर डीबीटी योजना' का लाभ दिया जायेगा।

1733. प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में प्रतिभागियों की मदद करने के लिए राजस्थान सरकार ने एक निःशुल्क मोबाइल एप्प शुरू की है। उसका नाम है–

(a) दिशारी (b) सक्सेस
(c) रीडर (d) कॉमएग्जाम

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 15.09.2021

Ans. (a) : राजस्थान सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले प्रतियोगियों के लिए 'दिशारी' नामक निःशुल्क मोबाइल एप की शुरूआत की है।

1734. राजस्थान में इंदिरा महिला शक्ति निधि योजना कब प्रारम्भ की गई?

(a) 18 दिसम्बर, 2019 (b) 18 नवम्बर, 2019
(c) 18 मार्च, 2019 (d) 18 अप्रैल, 2109

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 15.09.2021

Ans. (a) : राजस्थान सरकार द्वारा इंदिरा महिला शक्ति निधि योजना की शुरूआत 18 दिसम्बर, 2019 को की गयी थी तथा यह योजना 31 मार्च, 2024 तक प्रभावी रहेगी। राजस्थान सरकार ने 2019-20 के बजट में महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए 1 हजार करोड़ रूपये की सहायता से इस निधि के गठन की घोषणा की।

1735. मुख्यमंत्री राजश्री योजना आरंभ की गई है–

(a) गिरते हुए बाल लिंगानुपात को सुधारना।
(b) ग्रामीण क्षेत्रों में महिला साक्षरता को बढ़ावा देना।
(c) महिलाओं को लैंगिक उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करना।
(d) महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना।

RPSC-SI- 14.09.2021
MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 15.09.2021

Ans. (d) : मुख्यमंत्री राजश्री योजना की शुरूआत राजस्थान सरकार द्वारा जून, 2016 में शुरू की गई। इसका उद्देश्य बेटियों के लालन-पालन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के मामले में होने वाले लिंग-भेदभाव को रोकना और शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। इसके तहत बालिका के जन्म से लेकर कक्षा 12वीं तक बेटी की पढ़ाई, स्वास्थ्य व देखभाल के लिए अभिभावक को 50 हजार तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

1736. आयुष्मान भारत महात्मा गांधी राजस्थान स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत, एक एम.ओ.यू (MoU) किनके मध्य निष्पादित हुआ है?

(a) राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी तथा न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड